dc

## कार्यालय जनपद न्यायाधीश,रमाबाई नगर

## विज्ञप्ति-चतुर्थ श्रेणी प्रतिभागी परीक्षा 2013-2014

पत्रांक दिनांकः

माननीय उच्च न्यायालय,इलाहाबाद द्वारा निर्गत पत्र संख्या 11949/सात-बी-104/एडमिन ''डी''सेक्सन दिनांकित 27.8.2013 के अनुपालन में शासन द्वारा निर्गत अधिसूचना प्रकीर्ण संख्या 1060/सात-न्याय-2-2013-176-जी/ 2010 लखनउ दिनांकित 04.07.2013 में दिये गये निर्देशों के अनुसार जनपद न्यायालय रमाबाई नगर में चतुर्थ श्रेणी (समूह घ) के 10 रिक्त पदों,जिनकी संख्या घट बढ़ सकती है,पर नियुक्ति की जानी है।

जनपद न्यायाधीश,रमाबाई नगर स्थान माती के विभिन्न न्यायालयों एवं कार्यालयों के समूह घ में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी वर्तमान रिक्त पदों की संख्या 10 है (जो घट बढ़ सकती हैं),पर प्रतिभागी परीक्षा के द्वारा अनुमोदित सूची तैयार किये जाने हेतु पात्र अभ्यर्थियों से निर्धारित प्रारुप पर आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। पदों की संख्या,आयु सीमा, वेतनमान तथा अर्हता निम्न प्रकार हैः-

| क्रम सं0 | नाम पद | पद | वेतनमान | अनिवार्य अर्हता | शीर्षाभिमुख आरक्षण | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | सामान्य | पिछड़ा वर्ग | अनु0 जाति | अनु0 जनजाति |
| 1 | अर्दली/आफिस प्यून/फर्रास | 10 | रू0 5200-20200/- ग्रेड पे 1800/- | जू0 हाई स्कूल उत्तीर्ण | 5 | 1 | 3 | 1 |

1. आयु सीमा- सामान्य वर्ग के अभ्यर्थियों की आयु दिनांक 01.01.2014 को18 वर्ष से कम और 40 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिये। अन्य पिछड़ा वर्ग एवं अनुसूचित जाति के लिये शासनादेशों के अनुसार 05 वर्ष की छूट अनुमन्य होगी।

2. क्षैतिज आरक्षण- नियमानुसार अनुमन्य होगा।

3. परीक्षा शुल्क- सामान्य वर्ग एवं अन्य पिछड़े वर्ग के अभ्यर्थियों हेतु परीक्षा शुल्क 200/- तथा अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों के लिये 100/- रूपये देय होगा।परीक्षा शुल्क जनपद न्यायाधीश,रमाबाई नगर स्थान माती के नाम बैंक ड्राफ्ट जो स्टेट बैंक आफ इण्डिया शाखा माती (कोड नं0 10615) माती,कानपुर देहात में देय होगा अथवा पोस्टल आर्डर के माध्यम से भी भुगतान किया जा सकता है।

4. अन्तिम तिथि- आवेदन पत्र का प्रारुप समाचार पत्र मे प्रकाशित आवेदन पत्र के प्रारुप को स्वयं टाइप कराकर तैयार किया जा सकता है। पूर्ण रूप से भरे हुये आवेदन पत्र आवश्यक संलग्नकों सहित वांछित शुल्क के रूप में डिमांड ड्राफ्ट/पोस्टल आर्डर संलग्न कर केवल पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट से निर्धारित तिथि 08.01.2014 सायं 17.00 बजे तक कार्यालय जनपद न्यायाधीश,रमाबाई नगर स्थान माती के द्वारा प्राप्त किये जायेंगे। आवेदन पत्र माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद की बेवसाइट www.allahabadhighcourt.in से भी डाउन लोड करके बैंक ड्राफ्ट/पोस्टल आर्डर के साथ जनपद न्यायाधीश,रमाबाई नगर स्थान माती को पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट से प्रेषित किया जा सकता है। निर्धारित तिथि के उपरान्त प्राप्त होने वाले आवेदन पत्र को स्वीकार नहीं किया जायेगा। अपूर्ण आवेदन पत्र निरस्त किये जायेंगे। अनुदेशों के उल्लंघन पाये जाने पर प्राप्त आवेदन पत्रों को निरस्त कर दिया जायेगा तथा इस संबंध में कोई पत्र व्यवहार स्वीकार्य नहीं होगा। आवेदन के पत्र क साथ सभी आवश्यक प्रमाण पत्रों की स्वप्रमाणित प्रतियां लगानी होगी।

5. परीक्षा का प्रारुप- अभ्यर्थियों का चयन लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार से प्राप्त अंकों के योग के आधार पर मेरिट द्वारा किया जायेगा जिसमें लिखित परीक्षा 50 अंकों की होगी एवं साक्षात्कार 25 अंकों का होगा। लिखित परीक्षा में देवनागरी लिपि में आलेख/इमला लिखने की परीक्षा होगी। लिखित परीक्षा दिनांक 02,फरवरी 2014.दिन रविवार को ली जायेगी।

## सामान्य निर्देश

1. अभ्यर्थी को परीक्षा में सम्मिलित होने के लिये किसी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।

2. आवेदक सभी शैक्षिक प्रमाण पत्रों की स्वप्रमाणित प्रतियां संलग्न करेंगे।

3. अभ्यर्थी को अपनी नवीनतम् पास्टपोर्ट साइड स्वप्रमाणित फोटो आवेदन पत्र व प्रवेश पत्र के निर्धारित स्थान पर लगाना होगा। अभ्यर्थी रुपयें 25 का डाक टिकट लगाकर स्वयं का पता लिखे दो लिफाफे (आकार 09X04 इंच) आवेदन पत्र के साथ संलग्न करें।

4. परीक्षा की तिथि,केन्द्र व समय की सूचना प्रवेश पत्र के माध्यम से पंजीकृत डाक द्वारा अभ्यर्थी को दी जायेगी।

5. यदि किसी आवेदक को डाक को सूचना प्राप्त नहीं होती है तो वह स्वयं उपस्थित होकर कार्यालय से सम्पर्क कर प्रवेश पत्र प्राप्त कर सकता है।

6. अभ्यर्थी को परीक्षा में प्रश्न पत्र व उत्तर पुस्तिका ही दी जायेगी। अन्य लेख सामग्री अर्थात पैड,पेन,पेन्सिल आदि उसे स्वयं लानी होगी।

7. आवेदन पत्र अपूर्ण होने की दशा में उसपर विचार नहीं किया जायेगा।

8. अभ्यर्थी की नियुक्ति पूर्ण रूप से अस्थायी होगी और उनकी सेवायें बिना किसी पूर्व सूचना के किसी भी समय समाप्त की जा सकती हैं।

**9. लिखित परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों को ही साक्षात्कार हेतु बुलाया जायेगा।**

10. अभ्यर्थी साक्षात्कार के समय अपने सभी मूल शैक्षिक एवं जाति प्रमाण पत्र अपने साथ लायेंगे एवं मूल प्रमाण पत्रों की दो सेट स्वप्रमाणित छाया प्रतियां भी साथ लायेंगे।

11. कोई भी अभ्यर्थी उपरोक्त चयन के लिये अयोग्य समझा जायेगा,यदि वह उत्तर प्रदेश डिस्ट्रिक्ट कोर्ट्स सर्विस रूल्स,2013 के नियम 6 में उल्लिखित कोई भी अयोग्यता धारण करता है।

16/12/2013

अध्यक्ष

चयन समिति,जनपद न्यायालय,

रमाबाई नगर स्थान माती

।

# कार्यालय जनपद न्यायाधीश,रमाबाई नगर स्थान माती।

## आवेदन पत्र का प्रारूप

नवीनतम पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ जो राजपत्रित अधिकारी द्वारा प्रमाणित हो।

विज्ञापन संख्याः दिनांकः

आवेदन पत्र कमांक..........................रोल नम्बर........................

(कार्यालय उपयोग के लिये)

आवेदित पद का नाम.......................................................

नोटः अभ्यर्थी आवेदन पत्र के सभी कालम अपने हस्तलेख से सुस्पष्ट हिन्दी अथवा अंग्रेजी में भरें

1. अभ्यर्थी का पूरा नाम (हिन्दी में).........................................

ब्लाक अक्षरों में (अंग्रेजी में).....................................................

2. पिता/पति का नाम..............................................................

3. माता का नाम.....................................................................

4. श्रेणीः

(अ) सामान्य

(ब) ओ.बी.सी.

(स) अनुसूचित जाति/जनजाति

(प्रमाण पत्र संलग्न करें)

4. जन्म तिथि अंकों में...............शब्दों में..............(प्रमाण पत्र संलग्न करें)

दिनांक 01.01.2014 को आयु.........वर्ष.........माह...........दिन

6. शैक्षिक योग्यता का विवरण (प्रमाण पत्र संलग्न करें)

| क0सं0 | परीक्षा का नाम | संस्था का नाम | उत्तीर्ण करने का वर्ष | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | जूनियर हाई स्कूल | | | |
| 2 | हाई स्कूल | | | |

7. अन्य योग्यता यदि कोई हो, तो उसका विवरण....................................

8. स्थायी पता..........................................................................................

9. पत्राचार का पता ..............................................................................

..........................................................................................................

10. क्या आपको कभी किसी आपराधिक मामले में न्यायालय अथवा सरकारी/अर्द्ध- सरकारी विभाग द्वारा दण्डित किया गया हैः हां/नहीं यदि हां तो उसका विवरण..................................................................

11. क्या आप किसी कार्यालय/विभाग में कार्यरत हैं? यदि हो तो उसका विवरण (विभागीय अनापत्ति प्रमाण पत्र अवश्य संलग्न करें)...................................................

12. बैंक ड्राफ्ट/पोस्टल आर्डर का नं0.............दिनांक............रू0.... ................

बैंक/डाकघर का नाम..........................................................................

स्थान....................................................

## अभ्यर्थी द्वाराघोषणा

मैं ........... ................एतद्द्वारा घोषणा करता हूँ/करती हूँ कि

1. मैने विज्ञापन में दी गयी पात्रता की शर्ते सावधानीपूर्वक पढ़ी हैं। वे मुझे मान्य हैं और उन शर्तों को मैं पूरा करता/करती हूँ।

2. इस आवेदन पत्र में दिये गये सभी विवरण मेरी जानकारी के अनुसार सत्य है। कोई तथ्य छिपाया नहीं गया है किसी भी सूचना के असत्य पाये जाने पर बिना सूचना के दण्ड का उत्तरदायी रहूँगा/रहूँगी। यदि नियुक्ति हो जाने के उपरान्त ऐसी स्थिति प्रकाश में आये तो मेरी सेवायें समाप्त कर दी जांय।

संलग्नकों की संख्याः

दिनांकः

स्थानः

अभ्यर्थी के पूर्ण हस्ताक्षर

**कार्यालय जनपद न्यायाधीश,रमाबाई नगर स्थान माती**

**आवेदन पत्र का कमांक.................** **अनुकमांक.............**

## <u>चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी प्रतिभागी परीक्षा 2013-14 हेतु प्रवेश पत्र</u>

| |
|---|
| नवीनतम पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ जो राजपत्रित अधिकारी द्वारा प्रमाणित हो। |

1. आवेदित पद का नाम........................................................
2. अभ्यर्थी का पूरा नाम (हिन्दी में)..........................................

ब्लाक अक्षरों में (अंग्रेजी में)....................................................

3. पिता/पति का नाम..............................................................
4. माता का नाम...................................................................
5. अभ्यर्थी की जन्म तिथि अंकों में...............शब्दों में............................
6. पत्र व्यवहार का पता.........................................................................

..............................................................................................................

---

**कार्यालय प्रयोग हेतु**

**परीक्षा की तिथि...............................................**

**परीक्षा केन्द्र/स्थान............................................**

**परीक्षा का समय..............................................**

**अध्यक्ष**
**चयन समिति,जनपद न्यायालय,**
**रमाबाई नगर स्थान माती**